समाचार

# वैक्सीनेशन में पूरा सहयोग करेंगे पार्षदगण

## (महापौर सभापति आयुक्त की उपस्थिति में संपन्न हुई पार्षदों की बैठक)



कोरबा 07 मार्च 2020 – प्राथमिकता क्रम में 60 वर्ष की ऊपर की आयु के नागरिकों तथा 45 से 59 वर्ष की आयु के लोगों का किए जा रहे वैक्सीनेशन कार्य में निगम के पार्षदगण अपना पूरा सहयोग देंगे। आज पंचवटी विश्रामगृह सभागार में पार्षदों की बैठक आहूत की गई। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस जयवर्धन ने पार्षदों से आग्रह किया कि वे वैक्सीनेशन कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें तथा लोगों को प्रेरित करें कि वे अनिवार्य रूप से अपना वैक्सीनेशन कराएं इसके साथ ही उन्हें वैक्सीनेशन सेंटर तक लाने में भी अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें।

बैठक में महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि वैक्सीनेशन कार्य में हम सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है, वैक्सीनेशन सेंटरो में ज्यादा भीड़ न हो इसके लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा वर्तमान में 20 सेंटरों में वैक्सीनेशन कार्य हो रहा है। उन्होंने पार्षदों से आग्रह किया कि वे इसमें अपना सहयोग दे। आयुक्त श्री जयवर्धन ने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है अतः वैक्सीनेशन अत्यंत आवश्यक है, उन्होंने पार्षदों से आग्रह किया कि वे अपने वार्ड में प्राथमिकता क्रम के नागरिकों को वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित करें, उन्हें सेंटर तक लाने में व वैक्सीनेशन में सहयोग दें, उन्होंने बताया कि निगम के पेंशन हितग्राहियों को वैक्सीनेशन सेंटर मे लाने के लिए निगम की राजस्व टीम एवं सामुदायिक संगठक लगातार कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बीबी बोर्डे ने बताया कि जिले में कुल 52 वैक्सीनेशन सेंटर कार्य कर रहे हैं, जिनमें से 20 सेंटर नगर निगम कोरबा क्षेत्र में है। निगम के 08 जोन के मद्देनजर वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं जहां पर प्राथमिकता क्रम के नागरिक अपनी सुविधानुसार जाकर पंजीयन व वैक्सीनेशन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि संबंधित व्यक्ति ऑनलाइन अपना पंजीयन करा कर वैक्सीनेशन हेतु जाता है तो इससे समय की बचत होगी। शासकीय अस्पतालों में 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक तथा प्राइवेट अस्पतालों में पूरे समय तक वैक्सीन लगवाई जा सकती है। बैठक के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी पार्षद दिनेश सोनी, हितानंद अग्रवाल ,सुरती कुलदीप, धनसाय साहू, चंद्रलोक सिंह सहित अन्य पार्षदों ने

अपने सुझाव रखे वही अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने बैठक में उपस्थित होने तथा वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग दिए जाने के लिए पार्षदों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बैठक में सभापति श्यामसुंदर सोनी मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सुख सागर निर्मलकर, सुरती कुलदीप, रोपा तिर्की नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, नरेंद्र देवांगन, रितु चौरसिया, विकास अग्रवाल, फिरत राम साहू ,अब्दुल रहमान, दिनेश सोनी, चंद्रलोक सिंह, राजेंद्र सिंह , अरुण वर्मा, शैल कुमारी राठौर, रूप सिंह ,धनश्री साहू, नारायण दास महंत, कौशल्या बिजवार, बसंत चंद्रा, एल्डरमैन बच्चू मखवानी, रूपा मिश्रा, एस मूर्ति सहित अन्य लोग उपस्थित थे।